संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों विशेष रूप से महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

महिलाएँ आज हर एक क्षेत्र में अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाएँ ऐसे ऐसे कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं जिनकी कुछ वर्ष पूर्व कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। आज की महिलाएँ जागृत हैं और वे जिम्मेदारी के साथ अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी कर रही हैं। महिलाओं के विचारों और उनके जीवन मूल्यों से सुखी परिवार, आदर्श समाज और समृद्‌ध राष्ट्र का निर्माण होता है

अभी भी लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए और प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से हमारी बेटियों को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्‌धता है ताकि वे अपना वास्तविक सामर्थ्य प्राप्त कर सकें। हमारी बेटियाँ घरों की ही नहीं पूरे देश की शान हैं।

मैं महिला दिवस के सफल आयोजन और देश की नारी शक्ति के सुखद भविष्य की कामना करती हूँ।

****